सुविचार
क्यों कदमों को थाम लू मैं, जब मंजिल खुद ही इन्हें बुलाती है..!

साप्ताहिक
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/70259
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करें -9425156055

वर्ष 9, अंक-8 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## छत्तीसगढ़ में क्या है नातेदार द्वारा यौन उत्पीड़न का कानून जानिए/legal advice...

**दण्ड विधि संशोधन अधिनियम, 2013 के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 509 में में दो उपधारा जोड़ी 1. धारा 509क एवं धारा 509ख, जानिए**

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 509क की परिभाषा??

जो कोई किसी महिला का रिस्तेदार होते हुए उस महिला का यौन उत्पीड़न करेगा वह व्यक्ति IPC की धारा 509क के अंतर्गत दोषी होगा।

**राज्य में इस धारा को जोड़ने के पीछे क्या उद्देश्य था जानिए-** आज वर्तमान में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है जितना डर उनको बाहर के लोगों से होता है उतना ही डर उनको आपने घर मे रह रहे कुछ ऐसे रिश्तेदारों से होता है जो उन पर गलत निगाहें रखते हैं, हमने बहुत से ऐसे मामले देखे है जिनमे मौसेरा भाई, फुफेरा भाई, जीजा, चाचेरा भाई आदि नातेदार ही महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न करते है लेकिन महिलाएं रिस्तेदार होने के बजह से चुप रहती है इसलिए छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा इस कानून को IPC में लागू करना बहुत ही महत्वपूर्ण है।


- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

Indian Penal Code Section 509A.
Provision of punishment

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अतः अगर किसी महिला के साथ ये अपराध होता है तो वह इसकी एफआईआर डायरेक्ट थाने में दर्ज करवा सकती है, इनकी सुनवाई प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है अर्थात एफआईआर के बाद इनकी सुनाई न्यायिक मजिस्ट्रेट करेगा या पुलिस पर्याप्त साक्ष्य होने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं करती है तो न्यायिक मजिस्ट्रेट से भी डायरेक्ट इस अपराध की शिकायत की जा सकती है। **सजा-** इस अपराध के लिए अधिकतम पाँच वर्ष की कारावास और जुमाने से दण्डित किया जा सकता है। यह अपराध शमनीय होते हैं अर्थात न्यायालय की आज्ञा से इस अपराध में आरोपी पीड़ित व्यक्ति से समझोता कर सकता है।

**नोट-** भारतीय न्याय संहिता में अभी इस अपराध को परिभाषित नहीं किया है अभी ये अपराध छत्तीसगढ़ में कानून है।

**?? लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)**

## रात्रि में घर मे घुसने वाले व्यक्ति को रोकना कब अपराध नहीं है जानिए/legal advice...

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 446 में रात्रि गृह-भेदन के अपराध के बारे मे बताया गया है अर्थात कोई व्यक्ति किसी से घर, निवास में सूर्यास्त के बाद अवैध तरीके से प्रवेश करता है वह रात्रि गृह-भेदन का अपराध करता है। इसी अपराध के प्रतिरक्षा में भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 105 का खण्ड 04 के कहता है कि रात्रि में गृह भेदन के विरुद्ध व्यक्ति अपनी निजी प्रतिरक्षा कर सकता है अर्थात रात्रि में घर मे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से घुसने वाले व्यक्ति को रोकने के लिए व्यक्ति पर्याप्त बल का प्रयोग कर सकता है यह उसे कानूनी निजी प्रतिरक्षा का अधिकार है।

**इसी सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट का एक महत्वपूर्ण निर्णय है जानिए:** रीजान बनाम छत्तीसगढ़ राज्य मामले मे सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया है कि यह अधिकार तब प्रारंभ होता है जब कोई व्यक्ति विधि विरुद्ध किसी व्यक्ति के गृह में रात्रि में प्रवेश करता है एवं जब तक बना रहता है तब तक व्यक्ति वहा से चला न जाए या उसे निकाल दिया जाए।

**?? लेखक बीआर अहिरवार (पत्रकार एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665**

# छिंदवाड़ा में गड़बड़ पर डा. मोहन यादव और कमल नाथ में जुबानी जंग



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ में गुरुवार को एक्स हैंडल पर जमकर आरोप-प्रत्यारोप हुए। एक दिन पहले अपने बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में सब गड़बड़ है तो उसके जवाब में कमल नाथ ने एक्स हैंडल पर इस बयान के लिए मुख्यमंत्री से छिंदवाड़ा की जनता से माफी मांगने की बात पोस्ट करके विवाद को तूल दिया। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने भी अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि छिंदवाड़ा में परिवारवाद की गड़बड़ी है और इसके लिए नाथ को माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री यादव ने कमल नाथ की एक्स हैंडल पर की गई पोस्ट के जवाब में परिवारवाद को लेकर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कमल नाथ को संबोधित करते हुए पोस्ट में लिखा- %छिंदवाड़ा में हुई परिवारवाद की गड़बड़ जगजाहिर है। यहां कभी आदिवासी समाज के किसी व्यक्ति को अवसर नहीं मिला। 40 वर्षों में छिंदवाड़ा की माताओं-बहनों को लीडरशिप को आगे आने का अवसर नहीं मिला। 1996 में एक बार अवसर आया तो अलका नाथ को ही टिकट मिला। आपके (कमल नाथ के) विधायक चुने जाने के बाद सांसद की रिक्त सीट पर आपने अपने पुत्र नकुल नाथ को अवसर दिया। छिंदवाड़ा के नौजवानों, किसानों और मजदूरों के हितों पर फिर कुठाराघात हुआ। छिंदवाड़ा के आमजन जानते है कि माफी किसे मांगना चाहिए। माफी उन्हें मांगना चाहिए, जिन्होंने छिंदवाड़ा के लोगों के अधिकारों का हनन किया। छिंदवाड़ा की अस्मिता के संरक्षण के लिए भाजपा ने छिंदवाड़ा के बेटे विवेक बंटी साहू को मौका दिया है। जनता इस बार निश्चित रूप से न्याय करेगी। मुख्यमंत्री यादव आप छिंदवाड़ा के आदिवासी समाज को, छिंदवाड़ा के मेहनतकश नौजवान को, छिंदवाड़ा की सम्मानित माताओं और बहनों को, छिंदवाड़ा के मजदूर और किसानों को गड़बड़ कह रहे हैं। छिंदवाड़ा के इस घोर अपमान के लिए आपको तत्काल छिंदवाड़ा की जनता से माफी मांगनी चाहिए। हालांकि इस कृत्य के लिए छिंदवाड़ा की जनता आपको कभी माफ नहीं करेगी। मप्र भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने एक्स हैंडल पर पोस्ट कर लिखा कि %कमल नाथ हम आपकी पीड़ा समझ सकते है।

## लगातार बढ़ रही कांग्रेस की मुश्किलें, लग रहे है एक के बाद एक झटके, 75 ने कहा अलविदा

**अनूपपुर।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है।कांग्रेस के लिए जो लोग वर्षो से समर्पित रहे हैं, वह साथ छोड़ते जा रहे हैं। भाजपा लगातार कांग्रेस के लोगों को तोड़ने में सफल हो रही है। कुछ कांग्रेस की हालत देख राजनीति में अपना भविष्य बनाने के लिए भाजपा का दामन खुद थाम रहे हैं। बुधवार को 75 लोगों ने कांग्रेस को अलविदा कह दिया था और 65 ने भाजपा का दामन थमा लिया था।



### पार्टी की हालत बेहाल

वहीं कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने कांग्रेस के राष्ट्रीय, प्रदेश नेतृत्व को पार्टी के मूल भावना से भटकने और हिंदुओं के भावनाओं को ठेस पहुंचाने एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए दस लोगों के साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। गुरुवार को बिजुरी में कोतमा विधानसभा दस सरपंच जो कांग्रेस पूर्व विधायक के समर्थक माने जाते थे।को भाजपा में शामिल कराया गया।इसी तरह जैतहरी नगर पालिका क्षेत्र से दस लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली। जैतहरी से भाजपा की सदस्यता लेने वालों में अनूपपुर जिला कांग्रेस महामंत्री सिद्धार्थ सिंह पार्षद कविता राठौर,सविता राठौर,पूर्व पार्षद गणेश नापित, पूर्व पोषण राठौर,पूर्व अध्यक्ष लैम्पस सोसाइटी जैतहरी प्रीतम राठौर, कृष्ण संत,रामकुमार राठौर सेवानिवृत कर्मचारी,नत्थू राठौर, लाल प्रताप सिंह राठौर ने कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली है।

## झाबुआ कलेक्टर ने की मतदाता केंद्रों की जांच, स्कूल का किया निरीक्षण



**रामनगर।** कलेक्टर नेहा मीना बुधवार को पेटलावद तहसील के दौर पर पहुंचीं। कलेक्टर मोहनकोट में मतदाता केंद्र का निरीक्षण करने के बाद हायर सेकेंडरी स्कूल रायपुरिया पहुंचीं। यहां उन्होंने चारों मतदान केंद्र का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने संतुष्टि जाहिर की। इसके बाद पिछले वर्ष के सर्वोच्च अंक पट्रिका देखी, जहां छात्र-छात्राओं के अंक देख खुश हुई। स्कूल प्राचार्य से इन बच्चों के बारे पूछा कि यह आगे की पढ़ाई कहां कर रहे हैं तो स्कूल प्राचार्य कल्पना वर्मा ने बताया कि सभी छात्र-छात्रा अन्य जगह पर जाकर उच्च पढ़ाई कर रहे हैं। सर्वोच्च अंक परिणाम पट्रिका पर लगे छात्र-छात्राओं के फोटो एवं उनके नाम को लेकर पूछा। उन्होंने पेटलावद तहसील की सबसे अच्छी स्कूल बताया।

# 33 वर्ष बाद दिग्विजय नापेंगे राजगढ़ के गांव-गांव, करेंगे पदयात्रा, लगाएंगे चौपाल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राजगढ़ लोकसभा सीट से 33 वर्ष बाद चुनाव लड़ रहे हैं। वह चुनाव प्रचार के लिए गांव-गांव नापेंगे। इसकी शुरुआत वह 31 मार्च को इस संसदीय क्षेत्र की सुसनेर विधानसभा क्षेत्र में नलखेड़ा स्थित माता बगुलामुखी के दर्शन करने के बाद पदयात्रा से करेंगे। क्षेत्र में चाचौड़ा, राघोगढ़, नरसिंहगढ़, ब्यावरा, राजगढ़, खिलचीपुर, सुसनेर और सारंगपुर, आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उनकी एक-एक दिन पदयात्रा होगी, जो 25 से 30 किलोमीटर तक की होगी। इसके बाद वह रात्रि विश्राम भी उसी क्षेत्र के किसी गांव में करेंगे, जहां चौपाल लगाई जाएगी। राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र का चुनाव तीसरे चरण में होगा। इसके लिए नामांकन पत्र 12 अप्रैल से दाखिल किए जाएंगे। दिग्विजय सिंह का मुकाबला राजगढ़ से दो बार के सांसद भाजपा के रोडमल नागर से है। दिग्विजय सिंह ने इसके पहले राजगढ़ लोकसभा से तीन चुनाव- 1984, 1989 और 1991 में लड़े। 1989 का चुनाव वह भाजपा के प्यारेलाल खंडेलवाल से पराजित हो गए थे। 1993 में मध्य प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने पर दिग्विजय ने लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था और उसके बाद उपचुनाव में उनके छोटे भाई लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने टिकट दे दिया था। इसके लिए वह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक दिन पदयात्रा करेंगे। मार्ग का निर्धारण विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। प्रयास यही रहेगा कि अधिक से अधिक गांव में संपर्क हो जाए। इस दौरान नुक्कड़ सभाएं भी होंगी।




# सुरक्षित नदी भूमि पर परिषद का अतिक्रमण एवं दुकान बनाकर बेचना, एनजीटी नियमों के विरुद्ध है

**सुल्तानपुर।** नगर के समाजसेवी सुरेश श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति में बतलाया है कि, नगर परिषद सुल्तानपुर ने नगर के मध्य जीवनदायनी पलकमती नदी के किनारे, पूर्व से बने हुए अतिक्रमण को नोटिस देकर तुड़वाया है इससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि नगर परिषद द्वारा नदी के पास फैले अतिक्रमण को हटाया जा रहा है परंतु परिषद ने स्वयं अतिक्रमण हटाते हुए अतिक्रमण को बड़ा रूप देकर वहां दो दर्जन से अधिक दुकानें बना दी,अब परिषद ही स्वयं दुकान बनाकर बेच रहा है, जहां एक और नगर परिषद द्वारा नगर में करोड़ों के विकास कार्य किया जा रहे हैं वहीं विकास के नाम पर शासन की भूमि पर कब्जा कर नियमों के विरुद्ध दुकानें बनाकर बेचना यह कहां तक उचित है, एवं उक्त निर्मित दुकान बनाने में एवं बेचने में एनजीटी के दिशा निर्देशों का कहीं कोई पालन नहीं किया गया है शासन के उक्त नियमों का पालन न करते हुए नगर परिषद द्वारा मोटे दामों में दुकान लगभग बेच दी गई है। उनका यह भी कहना है कि एक तरफ एनजीटी द्वारा भोपाल की कलियासोत नदी सहित प्रदेश भर की नदी के दोनों ओर भूमि 33 मीटर यानी 100 फीट पर कब्जाधारी लोगों का अतिक्रमण हटवा रही है, वहीं सुल्तानपुर की नगर परिषद स्वयं उक्त स्थान पर नदी किनारे पर अतिक्रमण करके, दुकानें बनवा कर विक्रय कर रहा है। नगर परिषद को पर्यावरण एवं नदी की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए एनजीटी के नियमों का पालन करना था, इस और नगर परिषद अधिकारी नगर परिषद उप यंत्री सरकारी जिम्मेदार व्यक्ति होने के बाद भी इतनी बड़ी




लापरवाही कैसे कर सकते है। जिला एवं स्थानीय प्रशासन संज्ञान में लेकर उचित कार्यवाही करें ऐसी सुरेश श्रीवास्तव ने शासन से मांग की है। पालक मति नदी को बचाने एवं नगर की स्वच्छता तथा पर्यावरण को बचाने हेतु जनहित में सर्वोपरि है। नगर का विकास हो,साथ खून पसीने की कमाई से दुकानदारों द्वारा खरीदी गई दुकानें भविष्य में टूटने से बची रहे एवं दुकान क्रेताओं के साथ छल-कपट ना हो । साथ ही नगर का गंदा पानी नालियों से पलकमती नदी में जा रहा है जिससे पलकमती नदी गंदा नाला बनती जा रही है, इस क्षेत्र में नगर परिषद को कदम उठाना चाहिए ! ना की इस क्षेत्र में अतिक्रमण करते हुए नगर की पलक माति नदी का संरक्षण ना करते हुए उसे पर अतिक्रमण करना चाहिए ! यह एनजीटी नियम के खिलाफ है इस पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए !




**सुल्तानपुर।** होली के पावन पुनीत पर्व त्यौहार पर ग्राम पंचायत खमरिया सोहनपुर, ग्राम पंचायत उड़दमऊ एवं ग्राम आफतगंज ओर ग्राम क्वाटर में गुलाल लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं एवं अगरवती की एक छोटी सी सप्रेम भेंट भी दी। यह होली त्यौहार लोगों में जागरूकता और समानजस्यता को बनाए रखने के लिए और संपर्क के लिए लोगों के घर घर पहुंच कर होली की शुभकामनाएं के माध्यम से किया गया।

## स्कूटी पर अश्लील डांस, कट गया 33 हजार का चालान चलती स्कूटी पर रंग लगाते हुए दो वीडियो हो रहे वाइरल

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन



**भोपाल।** आजकल सड़कों पर होली का एक वीडियो वायरल हो रहा है।इस वीडियो में स्कूटी पर पीछे बैठी दो युवतियां एक-दूसरे को रंग लगा रही है जबकि स्कूटी एक युवक चला रहा है। किसी ने हेलमेट नहीं पहना है। वीडियो करीब एक मिनट का है।एक दूसरे वीडियो में उसी स्कूटी को एक युवक चला रहा है और एक लड़की पीछे खड़े होकर बैलेंस बनाने की कोशिश करती है। इसी दौरान ब्रेक लगाते हो लड़की नीचे गिर जाती है।ये दोनो वीडियो जब सोशल मीडिया पर आए तो शिकायत का संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर नियमानुसार 33000 रुपए का ई-चालान काटा है तथा जुर्माना की कार्यवाही की गई है।

# मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम पता मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के संबंध में बैठक आयोजित

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन

भोपाल । लोकसभा निर्वाचन - 2024 के दौरान राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को प्रचार-प्रसार के लिए छपवाए जाने वाले पांपलेट, बैनर, पोस्टर आदि सामग्रियों में मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम-पता और मुद्रित सामग्री की संख्या स्पष्ट छापनी होगी। इसके साथ ही मुद्रित सामग्री की चार प्रति प्रकाशक मुद्रक का घोषणा पत्र सहित मुद्रण के तीन दिवस के अंदर जिला निर्वाचन कार्यालय को निर्धारित प्रारूप के साथ उपलब्ध कराना होगा। एडीएम हर्षल पंचोली की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों, प्रिंटिंग प्रेस प्रतिनिधियों और जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एडीएम ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127 के तहत प्रचार सामग्रियों के मुद्रण के बारे में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की जानकारी उपस्थित प्रिटिंग प्रेस प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने यह भी हिदायत दी की इस संबंध में आयोग के दिशा- निर्देशों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा और उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में



जानकारी दी गई कि कोई भी मुद्रक प्रकाशक द्वारा साइन की हुई घोषणा और प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों के हस्ताक्षर के बिना किसी भी निर्वाचन प्रचार सामग्री का मुद्रण नहीं करेंगे। यह भी बताया गया कि मुद्रण के बाद प्रिंटिंग प्रेस को मुद्रक द्वारा निर्धारित प्रपत्र में घोषणा सहित मुद्रित की गई सामग्री की चार प्रतियां तीन दिन के भीतर निर्वाचन कार्यालय में जमा करनी होगी। बैठक में बताया गया कि निर्वाचन संबंधी किसी भी पांपलेट, पर्चे, पोस्टर आदि में धर्म, वंश, जाति, समुदाय या विरोधी के चरित्र हनन जैसी अपील मुद्रित नहीं की जाएगी। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन संबंधी सामग्री के मुद्रण के बाद तीन दिवस के भीतर चार प्रतियां और प्रकाशक से मिली घोषणा निर्वाचन कार्यालय में जमा करने की जिम्मेदारी मुद्रक की होगी। इसके साथ ही मुद्रण के लिए ली गई राशि की जानकारी भी देनी होगी। सभी प्रकार की सामग्री के मुद्रण के लिए अलग-अलग जानकारी निर्धारित प्रपत्र में मुद्रक को निर्वाचन कार्यालय में देना होगा। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि मुद्रक द्वारा छापी गई सामग्री को निर्वाचन कार्यालयों में किसी मुख्य स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी पांपलेट, पर्चे, बैनर, पोस्टर आदि मुद्रण के संबंध में जारी निर्देशों का उलंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 127 क के तहत कार्यवाही की जाएगी।

# बुजुर्ग दादी को पीटने वाले कलयुगी पोता और बहु को पुलिस ने किया गिरफ्तार वीडियो हुआ था वायरल


रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन



भोपाल। इंसानियत को शर्मसार करने वाला एक वीडियो वाइरल हो रहा है जिसमें एक युवक अपनी बीवी के साथ मिलकर एक बुजुर्ग महिला के साथ अत्याचार करता हुआ दिखाई दे रहा है।और उसकी बीवी बहुत ही निर्लज्जता से किस प्रकार से बुजुर्ग महिला को मार रही है। इसका युवक का नाम दीपक सेन है जो भोपाल के बरखेड़ी क्षेत्र में सलून चलाता है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल होने के बाद लगातार दोनों आरोपियों पर कार्रवाई की मांग हो रही थी। जहांगीराबाद और सायबर क्राइम ब्रांच पुलिस ने इसे गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन के बाद थाना प्रभारी जहांगीराबाद द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी जल्द ही आरोपी दोनों पति पत्नी को तलाश कर दोनों आरोपियों को भोपाल बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपी भोपाल छोड़ने की फिराक में थे। भोपाल छोड़ने से पहले ही जहांगीराबाद पुलिस ने सायबर पुलिस की मदद से आरोपियों को दबोचा। दरसल वीडियो में दिखाई दे रही बुजुर्ग महिला आरोपी दीपक सेन की दादी है। आरोपी और उसकी पत्नी पहले भी कई बार अपनी बुजुर्ग दादी मां को प्रताड़ित कर चुके है ।

# जैन मुनि श्री108 भूतबली सागर जी महाराज की समाधि आष्टा में हुई असाध्य रोग के कारण सल्लेखना से समाधि सम्पन्न हुई

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन





भोपाल । वर्तमान के सबसे पुराने मुनि पद पर विराजमान 46 वर्ष प्राचीन मुनिराज संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महामुनिराज के शिष्य मुनिश्री भूतबलिसागर जी की आष्टा, जिला - सिहोर, मप्र में सल्लेखनापूर्वक समाधि हो गई। मुनिश्री के बचपन का नाम ब्र. भीमसेन भैय्याजी था। कर्नाटक के बेलगाम जिले में ही उनका जन्म हुआ। वे क्षुल्लक मणिभद्र महाराज के साथ अध्ययन के लिए आचार्य विद्यासागर के पास राजस्थान आए व आचार्यश्री के कर-कमलों से प्रथम ब्रह्मचर्य व्रत लिया। उनकी क्षुल्लक व ऐलक दीक्षा आचार्यश्री विद्यासागर जी के कर-कमलों से हुई, वे आचार्यश्री से दीक्षित प्रथम ऐलक भी थे, उस समय उनका नाम ऐलक दर्शनसागर जी रहा। तात्कालिक कारणों से उन्होंने 31 जनवरी 1980 में आचार्य विमलसागर से मुनिदीक्षा ली और दीक्षागुरु के संकेत पर आचार्यश्री विद्यासागर को ही अपना गुरू माना। दीक्षा के बाद मुनिश्री ने उत्तर से लेकर दक्षिण भारत तक जैन धर्म का प्रचार किया हजारों लोगों को सम्यक्त्व मार्ग की राह दिखाई। वर्तमान में उनके तीन मुनि शिष्य मुक्तिसागरजी, मौनसागरजी, मुनिसागरजी हैं। आष्टा में ही बुधवार को मुनिश्री की असाध्य रोग के कारण सल्लेखना से समाधि सम्पन्न हुई। मुनिश्री 45 वर्ष प्राचीन मुनि होकर भी कहीं पद आदि के लोभ में अन्य स्थान पर नहीं गए और ना ही किसी तरीके से मिथ्यात्व का पोषण किया। जहां - जहां भी मुनिश्री का प्रवास आदि रहा, वहां उन्होंने सम्यक मार्ग का प्रचार ही किया। अपने गुरु आचार्य विद्यासागर जी महाराज के अंतिम दर्शनों का सौभाग्य उन्हे सिद्धक्षेत्र नेमावर में 3 वर्ष पूर्व मिला था। मुनिराज की आत्मा कर्मों का क्षय कर रत्नत्रय के द्वारा सिद्धदशा प्रगटावें।

स्कूल चलें हम अभियान

# शिक्षक द्वारा घर-घर जाकर किया जा रहा है संपर्क नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए : संभाग प्रभारी



## 1 अप्रैल 2024 से शुरू होगा नया शिक्षा सत्र


पत्रकार-हेमंत शाक्या
संपर्क सूत्र 6263301848

सुल्तानपुर। विद्यालय वह स्थान है जहाँ शिक्षा ग्रहण की जाती है ।विद्यालय ऐसी संस्था है जहाँ बच्चों के शारीरिक ,मानसिक,बौद्धिक एवं नैतिक गुणों का विकास होता है ।हर बच्चा स्कूल चले , सब पढ़ें -सब बढ़े के भाव को साकार करते हुए प्राथमिक शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा नवीन शिक्षा सत्र के लिए घर - घर जाकर पालक शिक्षक संपर्क अभियान चलाया जा रहा है ।जिससे बच्चे अधिक से अधिक संख्या में प्रवेश ले सकें । शिक्षक का कहना है कि आम नागरिकों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है जिससे वह अपने बच्चों को शासकीय विद्यालयों में प्रवेश करा सकें ।कोई भी बच्चा प्रवेश लेने से बंचित ना रहे ।इसलिए प्रतिवर्ष की भाँति घर घर जाकर पालकों से संपर्क किया जा रहा है ।निशुल्क पाठक पुस्तक, गणवेश, मध्याह्न भोजन ,छात्रवृत्ति जैसी अनेक शासकीय योजनाओं का लाभ बच्चों को दिया जा रहा है।

# प्राथमिक रिपोर्ट में हुआ खुलासा- केमिकल युक्त गुलाल से लगी थी आग

उज्जैन। बीते सोमवार को धुलेंडी (रंगपर्व) पर भस्म आरती के दौरान महाकाल मंदिर के गर्भगृह में लगी आग के मामले में मजिस्ट्रियल जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्ट में केमिकल युक्त तथा अधिक मात्रा में गुलाल से आग लगने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि घटना के समय मंदिर में तैनात सुरक्षा एजेंसी के कर्मचारियों, प्रोटोकाल कर्मियों, अधिकारियों और कुछ पुजारियों ने अपनी जिम्मेदारी की अनदेखी की। केमिकल युक्त गुलाल का भीतर आना, फिर आरती के दौरान उसे उड़ाया जाना, इस बात की पुष्टि करता है। फिलहाल जांच रिपोर्ट में किसी के नाम का उल्लेख नहीं किया गया है। कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा कि जिस-जिस स्तर पर लापरवाही हुई है, उन सभी जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी। फिलहाल सुरक्षा एजेंसी, कर्मचारियों, अधिकारियों और कुछ पुजारियों को नोटिस जारी कर उनके बयान लिए जाएंगे। इसके अलावा गुलाल भीतर ले जाने और उड़ाने वालों को भी चिह्नित किया जा रहा है। कलेक्टर के अनुसार फिलहाल जांच जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि गर्भगृह में आग भभकने से पुजारी, सेवकों सहित कुल 14 लोग घायल हो गए थे। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए थे।





# इंदौर गेर एप लांच, बालकनी और छतों से रंगपंचमी का आनंद लेने के लिए फ्री में करा सकते हैं बुकिंग

**इंदौर।** रंगपंचमी पर इंदौर के मध्य क्षेत्र में निकलने वाली गेर में आसमान की ऊंचाई तक उड़ते गुलाल के गुबार और नाचती-गाती हुरियारों की टोली को निहारने का अवसर विदेशी और देशी मेहमानों को मिलेगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने नौ भवनों को चिह्नित किया है। इन भवनों की छतों और घरों पर करीब 200 मेहमान बैठकर गेर का आनंद ले सकेंगे। बुकिंग के लिए इंदौर गेर-2024 एप लांच किया गया है। इसके माध्यम से निःशुल्क बुकिंग कराई जा सकेगी। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 30 मार्च को इंदौर का राजवाड़ा क्षेत्र और पूरा शहर रंगों से सराबोर होगा। लाखों लोग इस रंगारंग कारवां में शामिल होकर रंगों से सराबोर होंगे।

यूनेस्को की सूची में गेर को शामिल कराने के लिए जिला प्रशासन इस बार भी गेर के फोटो और वीडियोग्राफी कराएगा। इसे लेकर कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में स्मार्ट सिटी आफिस में गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर सिंह ने इंदौर गेर-2024 एप लांच किया। इस एप के माध्यम से निःशुल्क बुकिंग कराई जा सकेगी। लांच किए गए एप में नाम, मोबाइल नंबर तथा आईडी प्रूफ के साथ बुकिंग कराई जा सकेगी। व्यक्ति के दस्तावेज के सत्यापन करने के बाद उसे कंफरमेशन का मैसेज दिया जाएगा। प्रत्येक भवनों पर वालेंटियर की व्यवस्था भी की गई है। बैठक में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा, स्मार्ट सिटी के सीईओ दिव्यांक सिंह, अपर आयुक्त नगर निगम अभिलाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे कलेक्टर आशीष सिंह ने गेर आयोजकों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ गेर मार्ग का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

# सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 में अनुभव के आधार पर अतिथि विद्वानों को दस वर्ष तक की छूट, परीक्षा 9 जून को

**इंदौर।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) ने सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा-2022 से जुड़ी प्रक्रिया दोबारा शुरू करने का फैसला किया है। आवेदन के संबंध में आयोग ने गुरुवार को विज्ञापन जारी कर दिया है, जिसमें अप्रैल के पहले सप्ताह से पंजीयन के लिए लिंक खुलेगी। आयोग इस बार उन उम्मीदवारों को मौका देगा, जिन्हें पहले अतिथि विद्वान का अनुभव और आयु सीमा का लाभ नहीं दिया गया था। वैसे अतिथि विद्वानों को दस वर्ष की आयु सीमा में छूट दी गई है।

**9 सितंबर को परीक्षा:** वंचित उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए आयोग 5 अप्रैल से पंजीयन की लिंक खोलेगा। 13 अप्रैल तक पंजीयन किए जा सकेंगे। इस बीच आवेदन में त्रुटि सुधार की प्रक्रिया 8 से 15 अप्रैल तक चलेगी। आयोग ने 13 से 20 अप्रैल तक तीन हजार और 20 से 30 अप्रैल तक आवेदन करने पर 25 हजार रुपये विलंब शुल्क रखा है। वहीं गुरुवार को आयोग ने परीक्षा की तारीख भी निर्धारित कर दी, 9 जून को करवाई जाएगी। सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा आठ विषयों के 826 पदों के लिए रखी गई है। इसमें बाटनी (126), कामर्स (124), अंग्रेजी (200), हिन्दी (116), इतिहास (77), गृह विज्ञान (42), गणित (124), संस्कृत (17) शामिल हैं, जबकि 129 खेल अधिकारी और 200 ग्रंथपाल के पद रखे हैं।




**यह था मामला:** शासन ने भर्ती परीक्षा में सरकारी कालेजों में पढ़ाने वाले अतिथि विद्वानों का अनुभव, अनुभव के अंक और आयु सीमा का लाभ देने पर जोर दिया। बावजूद इसके आयोग ने शासन के निर्देशों का पालन नहीं किया। इन उम्मीदवारों को सहायक प्राध्यापक भर्ती परीक्षा में छूट नहीं दी गई। आयोग के इस कदम से नाराज उम्मीदवारों ने उच्च न्यायालय की शरण ली। जहां न्यायालय ने उम्मीदवारों के पक्ष को सही माना। साथ ही आयोग को भर्ती परीक्षा में इन्हें शामिल करने को लेकर आदेश दिया। इसके आधार पर आयोग को 3 मार्च से होने वाली सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल और खेल अधिकारी भर्ती परीक्षा को निरस्त करना पड़ा। यह निर्णय आयोग ने परीक्षा शुरू होने से महज पांच दिन पहले लिया।

# दौसा से मुरारी लाल मीणा ने भरा नामांकन

दौसा,



राजस्थान की दौसा लोकसभा सीट पायलट परिवार का गढ़ रही है। लेकिन कांग्रेस यहां से पिछले तीन बार लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई है। हालांकि इसके जवाब में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा कि अब की बार मुरारी लाल मीणा की तीन बार की हार का एक साथ हिसाब बराबर करेंगे। साथ ही पायलट ने कहा कि भाजपा के 10 साल से यहां जो सांसद रहे हैं, उन्होंने विकास नहीं करवाया।

दरअसल, आज बुधवार नामांकन का आखिरी दिन है। दौसा कांग्रेस प्रत्याशी मुरारी लाल मीणा का नामांकन भरवाने सचिन पायलट दौसा पहुंचे। जहां सचिन पायलट ने भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता अब बीजेपी को 25 की 25 सीटें नहीं देगी, जनता अब भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है। भाजपा पर बरसते हुए सचिन पायलट ने कहा कि अब केंद्र में दबाव की राजनीति चल रही है। निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल में डाला जा रहा है। ED और सीबीआई का दुरुपयोग करके घरों में भेजा जा रहा है। वहीं, भाजपा द्वारा बांटे गए टिकटों पर सचिन पायलट ने कहा कि देखिए सामने वाली पार्टी में कैसी भगदड़ मची है, टिकट कोई और मांग रहा है, मिल किसी और को रहा है।

प्रचार करने के मुद्दे पर सचिन पायलट ने कहा कि मैं पिछली बार भी वोट मांगने आया था। लेकिन पिछली बार हमारी सरकार थी। अब की बार हमारी सरकार नहीं है, मैं फ्री हूं। इसलिए मैं सब जगह वोट मांगने जाऊंगा। इस मौके पर पायलट ने हाथ जोड़कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस मौके पर सचिन पायलट ने कहा कि दौसा की जनता ने मेरे और मेरे परिवार के लिए बहुत कुछ किया है। इनका मैं सदैव आभारी रहूंगा। इस जन्म में तो क्या अगले जन्म तक भी मैं दौसा वालों का कर्ज नहीं उतार पाऊंगा। इसीलिए शायद मैं आज 20 साल बाद वापस दौसा लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के लिए आया हूं। और मुझे विश्वास है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में यहां की जनता मुरारीलाल मीणा को वोट देकर राजस्थान में सर्वाधिक मतों से जिताएगी।

# पूर्व सांसद पप्पू यादव ने राहुल गांधी की जमकर तारीफ की

पूर्णिया,

पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के बागडोगरा से पूर्णिया जाने के क्रम में किशनगंज बस स्टैंड के पास कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं व पप्पू यादव के समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस दौरान प्रोफेसर गुलरेज रोशन रहमान व नासिक नादिर सहित अन्य नेताओं ने बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद पप्पू यादव ने कहा कि पंडित नेहरू, महात्मा गांधी, सरदार पटेल, भगतसिंह, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह के बाद अब राहुल गांधी ने देश के 130 करोड़ लोगों का दिल जीतने का जो जज्बा दिखाया है, इससे साबित होता है कि उनसे बड़ा कोई हीरो नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी गरीबों के हितों की बात करते हैं, जाति व धर्म की बात नहीं करते हैं। पप्पू यादव ने कहा कि वे 5 बार सांसद रहे और कांग्रेस की विचारधारा के साथ रहें हैं। उन्होंने कहा कि कोसी सीमांचल की जनता मेरे लिये भगवान है, भगवान की आस्था पर कोई समझौता नहीं कर सकते हैं।

# प्रदेश में 53 साल बाद गठबंधन के सहारे कांग्रेस, 3 दल-बदलुओं को मिला टिकट

जयपुर,



इन लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने प्रदेश में 53 साल बाद गठबंधन का सहारा लिया है। अब तक घोषित 24 सीटों में से पांच सीटों पर पार्टी ने गठबंधन और दल-बदलकर आए नेताओं को टिकट दिए हैं। शेष बची डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट भी गठबंधन पर बातचीत को लेकर पेंडिंग है।

गौरतलब है कि 1971 से लेकर अब तक किसी भी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने कभी किसी अन्य दल के साथ गठबंधन नहीं किया। इससे पहले के चुनाव में भी कांग्रेस ने एक या दो बार ही दूसरे दलों के लिए एक सीट छोड़ी है। ऐसे में 53 साल बाद इस बार कांग्रेस प्रदेश में अन्य दलों के साथ गठबंधन कर चुनाव में उतर रही है। कांग्रेस की ओर से घोषित 24 सीटों में से दो सीटें सीकर और नागौर गठबंधन के तहत क्रमशः माकपा और आरएलपी को दी हैं, वहीं डूंगरपुर-बांसवाड़ा सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी के साथ गठबंधन के आसार बताए जा रहे हैं। इनके अलावा चूरू, कोटा और बाड़मेर-जैसलमेर की सीटें दल-बदलकर आए नेताओं क्रमशः राहुल कस्वां, प्रहलाद गुंजल और उम्मेदाराम बेनीवाल की झोली में गई हैं। ऐसे में अब तक कुल जमा पांच सीटें मूल कांग्रेसियों के बजाए बाहरी खाते में चली गई हैं। गठबंधन करना चाहे कांग्रेस के लिए कोई रणनीतिक फैसला हो लेकिन जिन सीटों पर गठबंधन किए गए हैं, वे कांग्रेस के लिए विधानसभा चुनावों में सबसे ज्यादा मजबूत सीटें रही हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा के गृह जिले सीकर की सीट पार्टी की मजबूत सीट थी। विधानसभा चुनावों में यहां पार्टी ने 8 में से 5 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसी तरह नागौर में भी कांग्रेस विधानसभा चुनाव में 8 में से 4 सीटें जीतने में कामयाब रही थी, जबकि जिस आरएलपी को सीट दी गई है, वह सिर्फ एक सीट जीत पाई थी। ऐसे में यहां भी कांग्रेस मजबूत थी। इसके अलावा जिस बांसवाड़ा सीट पर भारतीय आदिवासी पार्टी से गठबंधन की तैयारी चल रही है, उसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटों में से भी 5 पर कांग्रेस ने जीत हासिल की थी।

## बागी बढ़ा सकते हैं भाजपा की मुश्किलें

मंडी, । लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को एक तरफ जहां भाजपा विधायकों ने पूर्व सीएम जयराम ठाकुर की अगुवाई में निकाली रोष रैली में एकजुटता का परिचय दिया। वहीं, 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट न मिलने से नाराज रहे पूर्व विधायकों और भाजपा नेताओं ने पंडोह में बैठक कर लोकसभा चुनावों की रणनीति तैयार की। बैठक द्रंग के पूर्व भाजपा विधायक जवाहर ठाकुर के कहने पर बुलाई गई थी। इसकी अध्यक्षता पूर्व में सरकाघाट से भाजपा विधायक रहे कर्नल इंद्र सिंह ने की। बैठक में किन्नौर से रहे भाजपा के पूर्व विधायक तेजवंत नेगी, आनी से पूर्व विधायक किशोरी लाल, एचपीएमसी के चेयरमैन रहे कुल्लू से राम सिंह, पूर्व सांसद महेश्वर सिंह के बेटे हितेश्वर सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव और मीडिया प्रभारी रहे।

# पूर्णिया से चुनाव लड़ेंगी बीमा भारती

पटना,



महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। चार दिन पहले ही सीएम नीतीश कुमार की पार्टी छोड़ कर राष्ट्रीय जनता दल का दामन थामने वाली विधायक बीमा भारती ने बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह राजद के टिकट पर पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। पार्टी ने उन्हें सिंबल दे दिया है।

तीन अप्रैल को वह नामांकन करेंगी। बुधवार को पूर्णिया के राजद कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करके उन्होंने खुले मंच से इस बात की घोषणा कर दी कि वह पूर्णिया से चुनाव लड़ने जा रही हैं। राजद सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी ने उनके सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया और उन्हें पूर्णिया से महागठबंधन का लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। पूर्णिया की जनता भगवान है।बीमा ने लालू प्रसाद से सिंबल लेते हुए तस्वीर भी शेयर की। जदयू के टिकट पर 2020 के चुनाव विधानसभा पहुंचीं बीमा भारती ने कहा कि कांग्रेस, राजद, वामदल सभी उनके साथ हैं। पूर्णिया की जनता ने मुझे चुनाव लड़ने का आशीष दिया है। राष्ट्रीय जनता दल ने उन्हें पूर्णिया से लोकसभा चुनाव लड़ने का सिंबल दिया है। मैं सभी लोगों को सिंबल भी दिखा दूंगी। जल्द ही राजद की ओर से घोषणा भी कर दिया जाएगा। मैं तीन अप्रैल को चुनाव अपना नामांकन पर्चा दाखिल करुंगी। हमारे नेता से मेरी बात हो गई है। पप्पू यादव के पूर्णिया से चुनाव लड़ने के सवाल पर बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव का मैं काफी सम्मान करती हूं। वह मेरे अभिभावक हैं। उनसे मैं अपील करती हूं कि मेरा साथ देकर मुझे चुनाव जीताने का काम करें। मैं उनको अपना गार्जियन मानती हूं। उनसे बात हुई है। वह पूर्णिया से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

# अफस्पा हटाना चुनावी जुमला: उमर



**बयान**

- **उमर बोले- हालात सामान्य हैं तो तुरंत हटाएं**

जम्मू,

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बडगाम में आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफस्पा) को हटाने पर विचार करने के गृह मंत्री अमित शाह के बयान को चुनावी जुमला करार दिया है।

उमर ने कहा कि पिछले चुनाव के दौरान लद्दाख के लोगों से भी प्रदेश को छठी सूची में शामिल करने का वादा किया गया, लेकिन इसे अबतक पूरा नहीं किया गया। इसी तरह अब जम्मू कश्मीर में ठीक चुनाव से पहले अफस्पा हटाने का बयान दिया गया है। उमर ने कहा प्रदेश में अगर हालात सामान्य हैं तो अफस्पा को तुरंत हटाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, "जब केंद्र सरकार घोषणा करती है कि जम्मू-कश्मीर में स्थिति सामान्य है और आतंकवाद और अलगाववाद समाप्त हो गया है, तो उनके पास अफस्पा को हटाने में देरी करने का कोई कारण नहीं है। उनका मानना है कि और देरी की कोई जरूरत नहीं है।

उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'मैं 2011 से इस दिन का इंतजार कर रहा हूं। हमने अफस्पा हटाने के लिए बहुत प्रयास किए। राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की बहाली के संबंध में लद्दाख के लोगों के साथ भी चुनाव के दौरान वादा किया गया। अब लोकसभा चुनाव से पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ भी ऐसा ही किया जा रहा है।

## अफस्पा पर गृहमंत्री के बयान का महबूबा ने किया स्वागत



जम्मू, । पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने जम्मू-कश्मीर से आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफस्पा) को हटाने पर विचार करने के गृह मंत्री अमित शाह के बयान का बुधवार को स्वागत किया। महबूबा ने कहा कि देर आए दुरुस्त आए। उम्मीद है कि यह देश में हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के भाजपा के वादे की तरह चुनावी जुमला नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पहले कदम के रूप में केंद्र सरकार जेल में बंद पत्रकारों और कश्मीरी युवाओं को रिहा कर सकती है, जिन्हें बिना किसी आरोप या ट्रायल के जेलों में बंद किया गया है। पीडीपी ने सैनिकों को क्रमिक रूप से हटाने के साथ-साथ कठोर अफस्पा को हटाने की लगातार मांग की है। अफस्पा को हटाना गठबंधन के एजेंडे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी रहा है, जिस पर भाजपा ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की है। देर आए दुरुस्त आए, लेकिन यह हर साल दो करोड़ नौकरियां देने और बैंक खातों में 15 लाख जमा करने के खोखले वादे जैसी जुमलेबाजी न हो।' अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में एएफएसपीए हटाने पर विचार करेगी। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) में सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि सरकार एएफएसपीए हटाने के मामले में अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेगी क्योंकि इससे केंद्र शासित प्रदेश के लोगों को राहत मिलेगी। कोई केवल यह आशा कर सकता है कि भाजपा कम से कम इस मामले में अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी।

# महाराष्ट्र सीएम एकनाथ शिंदे ने जारी की पहली लिस्ट



**मुंबई।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों में उम्मीदवारों को टिकट देने का सिलसिला जारी है। इस बीच महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना ने अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में आठ उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया है। इसमें मुंबई दक्षिण मध्य से राहुल शेवाळे और कोल्हापुर से संजय मंडलीक को टिकट दिया गया है। शिंदे गुट शिवसेना ने शिर्डी (अजा) से सदाशिव लोखंडे, बुलढाणा सीट से प्रतापराव जाधव, हिंगोली से हेमंत पाटील, मावळ सीट से श्रीरंग बारणे, रामटेक (अजा) से राजू पारवे और हातकणंगले सीट से धैर्यशिल माने को टिकट दिया है।

**महायुति के बीच सीट बंटवारे पर बनी सहमति:** राज्य में महायुति के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बन गई है। हालांकि आधिकारिक एलान होना बाकी है। राज्य में 48 लोकसभा सीटें पर 28 सीटों पर भाजपा चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा 14 सीटों पर शिवसेना (शिंदे गुट) और 5 सीटों एनसीपी (अजित गुट) मैदान में उतरेगी।

## गोविंदा को टिकट देगी शिवसेना?

अभिनेता गोविंदा के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है। गुरुवार को वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे। इसके बाद सीएम शिंदे ने उन्हें शिवसेना की सदस्यता दिलाई। अब चर्चा है कि वह लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, शिवसेना गोविंदा को मुंबई नॉर्थ वेस्ट सीट से चुनाव लड़वा सकती है।

# यामी ओपन टेनिस: बोपन्ना और एबडेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**अद्भुत**

- **शीर्ष वरीय जोड़ी ने निस-जिलिंस्की को परास्त किया**

मियामी (अमेरिका),

एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे। भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते।

इस वर्ष ऑस्ट्रेलियाई ओपन का पुरुष युगल खिताब जीतने वाली जोड़ी रोहन बोपन्ना और मैथ्यु एबडेन ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। शीर्ष वरीय 43 वर्षीय बोपन्ना और एबडेन ने दूसरे दौर के पुरुष युगल मुकाबले में मोनाको के ह्यूगो निस और पोलैंड के जान जिलिंस्की को कड़े संघर्ष में 7-5, 7-6 (3) से पराजित किया। यह मुकाबला एक घंटा 39 मिनट चला।

**अब पैट्रिक-वरबीक से भिड़ेंगे**

एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के अंतिम-8 में बोपन्ना और एबडेन ऑस्ट्रेलिया के जान पैट्रिक और नीदरलैंड के सेम वरबीक से भिड़ेंगे।



भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने चार एस लगाए और 84 प्रतिशत अंक पहली सर्विस पर जीते। दोनों ने पहले सेट के 11वें गेम में निस-जिलिंस्की की सर्विस तोड़ी। इसके बाद दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए 7-5 से सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में निस-जिलिंस्की के डबल फॉल्ट की बदौलत बोपन्ना-एबडेन को जीत मिली। पहले दौर में बोपन्ना-एबडेन ने इटली के साइमन बोलेली और वावासोरी को 4-6, 7-6 (4), 10-4 से हराया था।

**शीर्ष वरीय स्वियातेक और गॉफ बाहर:** इस टूर्नामेंट के महिला एकल मुकाबलों में दो बड़े उलटफेर हुए। शीर्ष वरीय पोलैंड की इगा स्वियातेक और तीसरी वरीय कोको गॉफ को पराजय मिली। स्वियातेक को एकतेरीना एलेक्जेंड्रोवा से 4-6, 2-6 और गॉफ को नंबर 23 फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया के हाथों 3-6, 6-1, 2-6 से हार मिली।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं गार्सिया की इस टूर्नामेंट में ग्रैंड स्लैम विजेता पर यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उन्होंने नाओमी ओसाका को हराया था। एलीना रिबाकीना ने मेडिसिन कीज को 6-3, 7-5 और विक्टोरिया अजारेंका ने कैटी बोल्टर को 7-5, 6-1 से हराकर अंतिम-8 में जगह बनाई। पुरुष एकल में स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने गेल मोंफिल्स को 6-4, 6-2 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया।

## भुवनेश्वर कुमार तोड़ सकते हैं मलिंगा का रिकॉर्ड

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले भुवनेश्वर कुमार के पास एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है और वह मुंबई इंडियंस के खिलाफ इस रिकॉर्ड को हासिल कर सकते हैं।

SRH vs MI: सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस के बीच आज मैच खेला जाना है। इस मुकाबले में दोनों टीमें अपने पहली जीत की तलाश में होगी। एक ओर जहां मुंबई इंडियंस को पहले मैच में गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भी अपना पहला मुकाबला हारकर यहां पहुंच रही है। ऐसे में फैंस को रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। इसी बीच सनराजइर्स हैदराबाद के स्टार गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार एक बड़े रिकॉर्ड से सिर्फ एक विकेट दूर हैं। अगर वह इस मैच में सिर्फ एक विकेट हासिल कर लेते हैं तो वह अपने नाम एक बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करवा लेंगे।।

**IPL** | **अभी तक क्रीज पर क्यों नहीं आए**

# एमएस धोनी को बल्लेबाजी से रोक रहा है ये नियम!

चेन्नई सुपरकिंग्स ने अब तक आईपीएल 2024 में 2 मैच खेले हैं और दोनों में जीत दर्ज की है। लेकिन टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक भी बार बल्लेबाजी के लिए मैदान पर नहीं आए हैं।

MS Dhoni CSK IPL 2024 : दुनिया के महानतम कप्तानों में से एक एमएस धोनी अब केवल आईपीएल में ही नजर आते हैं, क्योंकि इंटरनेशनल क्रिकेट से तो वे रिटायरमेंट ले चुके हैं। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के इस सीजन के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले ही कप्तानी भी छोड़ दी। अब ये साफ नहीं है कि महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल का अगला सीजन यानी 2025 में खेलेंगे कि नहीं। इस बीच इस साल सीएसके अपने दो मैच खेल चुकी है, लेकिन धोनी एक भी बार बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर नहीं आए। ऐसा क्यों हो रहा है,




इसका खुलासा अब उनके ही साथ ही और चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी कोच ने कर दिया है।

सीएसके ने अब तक खेले दो मैच, लगातार जीत दर्ज कर टीम अंक तालिका में सबसे आगे

चेन्नई सुपरकिंग्स ने अपना पहला मैच इस साल के आईपीएल में 22 मार्च को खेला था। जब शेड्यूल का ऐलान किया गया और पता चला कि सीएसके पहला मैच आरसीबी से खेलेगी, तभी से फैंस में गजब का रोमांच देखने के लिए मिल रहा था, वो इसलिए वे चेन्नई के एमएस चिदंबरम स्टेडियम में धोनी को एक बार फिर से बल्लेबाजी करते हुए दिखेंगे। लेकिन वे बल्लेबाजी के लिए नहीं आए और टीम जीत गई। दूसरे मैच में भी कुछ ऐसा ही हुआ। दूसरा मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ चेन्नई में ही हुआ। इस बार भी फैंस मनमसोस कर रह गए, क्योंकि 6 विकेट गिरने के बाद भी धोनी बल्लेबाजी के लिए क्रीज पर नहीं आए। हालांकि फैंस इस बात से ही खुश हैं कि कम से कम जब टीम गेंदबाजी करती है तो वे पूरी वक्त विकेट के पीछे खड़े रहकर टीम को संभालने का काम करते हैं। अब सीएसके के बैटिंग कोच माइकल हसी ने बताया है कि धोनी बल्लेबाजी के लिए आखिर क्यों नहीं आ पा रहे हैं।

**इंपेक्ट प्लेयर रूल ने धोनी को रोका:** सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा है कि इंपेक्ट प्लेयर रूल ने धोनी के बैटिंग आर्डर को लंबा कर दिया है। यही कारण है कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इस आईपीएल में आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए आ पा रहे हैं। हसी ने मैच के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि टीम के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग का साफ तौर पर निर्देश है कि मुकाबले को आगे बढ़ाते रहें। इंपेक्ट प्लेयर नियम की वजह से धोनी आठवें नंबर पर हैं।

आईपीएल में साल 2023 में इम्पैक्ट सब का रूल लाया गया था। इसमें जिन दो टीमों के बीच मैच खेला जा रहा है टॉस के वक्त ही पहले तो टीमें अपनी अपनी प्लेइंग इलेवन का ऐलान करेंगी और इसके बाद उसी वक्त उन 5 खिलाड़ियों के नाम भी बताएंगी, जिन्हें वे इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर शामिल करना चाहती हैं। टीम अगर पहले बल्लेबाजी करती है तो गेंदबाजी के वक्त एक बल्लेबाज कम कर गेंदबाज को शामिल कर सकती है।

# सुनील ने अपने 150वें मैच में दागा गोल, पर भारत हारा

**निराश**

- **अफगानिस्तान 2-1 से जीता**

गुवाहाटी,

भारत को फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को गुवाहाटी में खेले गए मैच में अफगानिस्तान की टीम ने 2-1 से जीत हासिल की। टीम इंडिया की हार के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। फैंस भारत के अपने घर में ही हार से निराश हैं।

खास बात यह है कि यह भारतीय कप्तान सुनील छेत्री का 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच था और उन्होंने इस खास मुकाबले में एक गोल भी किया, लेकिन इसके बावजूद टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से टीम इंडिया के फीफा



विश्व कप क्वालिफायर के तीसरे राउंड में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लगा है।

भारत ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की थी। अपना 150वां मैच खेल रहे छेत्री ने 38वें मिनट पर पेनल्टी किक पर टीम इंडिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ तक भारतीय टीम की बढ़त जारी रही। हालांकि, दूसरे हाफ में भारत को निराशा हाथ लगी। 70वें मिनट में रहमत अकबरी के शॉट पर गेंद भारतीय डिफेंडर से डिफ्लेक्ट होकर गोलकीपर गुरमीत सिंह को छकाते हुए गोलपोस्ट में घुस गई। अफगानिस्तान ने स्कोर 1-1 से बराबर किया। इसके बाद 88वें मिनट में अफगानिस्तान को पेनल्टी मिला, जिस पर शरीफ मुखाम्मद ने गोल दाग अपनी टीम को 2-1 से जीत दिलाई।

**फीफा विश्व कप क्वालिफायर:** हालांकि, अपने घरेलू मैच में हार से टीम इंडिया तीन अंक से वंचित रह गई। अब राउंड-टू ग्रुप में भारत के चार मैचों के बाद चार अंक हैं।

भारतीय टीम के ग्रुप में चार और टीमें हैं। इस ग्रुप में कतर तीन मैचों में नौ अंक के साथ शीर्ष पर है। वहीं, अफगानिस्तान के तीन मैचों में चार अंक हैं। भारत को अब दो और मैच खेलने हैं। इनमें एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ उनके घर में एक मैच और छह जून को कुवैत के खिलाफ मैच शामिल है। हालांकि, इस हार से भारत अंक तालिका में अफगानिस्तान से भी नीचे आ गया है।

भारत को तीसरे राउंड में पहुंचने के लिए इन दोनों मैचों को जीतना होगा। टीम इंडिया आज तक कभी फीफा क्वालिफायर के तीसरे राउंड में नहीं पहुंची है। छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय करियर का 94वां गोल दागा, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने सात मैचों के बाद गोल किया। अब उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी जुड़ गया है। उन्होंने अपने 25वें, 50वें, 75वें, 100वें और 125वें अंतरराष्ट्रीय मैच में भी कम से कम एक गोल किया था। वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

इस हार के बाद फैंस निराश हैं और वह सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फैंस ने इस रिजल्ट के लिए भारत के हेड कोच इगोर स्टिमैक पर निशाना साधा है। दरअसल, कुछ दिन पहले एक मीडिया रिपोर्ट में यह बताया गया था कि स्टिमैक टीम चुनने से पहले ज्योतिषी की सहायता लेते हैं। फैंस का मानना है कि ज्योतिषी का सहारा लेकर टीम बनाने से और रणनीति और टीम के प्रदर्शन पर ध्यान नहीं देने से टीम का यही हश्र होगा।

# कोलेस्ट्रॉल वाली दवा खाने से एक की मौत, 75 बीमार

**बयान जारी**

- **रेड यीस्ट कोलेस्ट्रॉल हेल्प उत्पाद और मरीज की मौत के बीच 'संबंध' की घोषणा की।**

टोक्यो, एजेंसी

जापान में प्रमुख दवा कंपनी कोबायाशी फार्मास्युटिकल्स की कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम करने वाली रेड यीस्ट राइस गोलियां खाने से एक व्यक्ति की मौत और कई लोगों के बीमार होने के बाद अस्पताल में भर्ती होने की रिपोर्ट है।

कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह दवा लेने के बाद करीब 76 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इन दवाओं को कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिये लिया जाता है। यह मामला सामने आने के बाद कंपनी ने पिछले सप्ताह अपने पांच उत्पाद बाजार से वापस ले लिये।



कोबायाशी फार्मास्युटिकल ने ग्राहकों से रेड यीस्ट राइस गोलियों का उपयोग बंद करने का आग्रह किया है और मामले में जांच शुरू कर दी है। कंपनी ने आशंका जतायी कि यह समस्या उत्पादन में उपयोग की जाने वाली फंफूद में उपस्थित विषाक्त पदार्थों के कारण हुई है।

कंपनी ने एक बयान जारी कर अपने रेड यीस्ट कोलेस्ट्रॉल हेल्प उत्पाद और मरीज की मौत के बीच 'संबंध' की घोषणा की।

कंपनी ने बताया कि उन्हें एक शोक संतप्त परिवार से संदेश मिला, जिसमें कहा गया है कि उनके परिवार के सदस्य की किडनी खराब हो जाने के कारण मौत हो गयी है। वह व्यक्ति पिछले तीन वर्षों से कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिये रेड यीस्ट राइस दवा का उपयोग कर रहा था।

कंपनी ने कहा, हम इस मामले से संबंधित तथ्यों और कारण संबंधों की गहनता से जांच कर रहे हैं।"

कोबायाशी ने कहा, हमारी कंपनी ने हमेशा अपने ग्राहकों के स्वास्थ्य को सबसे ऊपर प्राथमिकता दी है और हम इस स्थिति के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं। प्रभावित ग्राहकों ने पेशाब के रंग में बदलाव, उनके अंगों में सूजन और थकान जैसे लक्षण बताए थे।

जनवरी में एक डॉक्टर द्वारा रिपोर्ट की गई स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में सचेत करने के बाद कंपनी ने जांच शुरू की।

जापानी मीडिया ने बताया कि रेड यीस्ट कोलेस्ट्रॉल हेल्प उत्पाद फरवरी 2021 में बाजार में आया। कंपनी अब तक दस लाख से अधिक पैकेट बेच चुकी है। कंपनी ने दुनिया भर के खाद्य एवं पेय निर्माताओं को अपने उत्पाद की आपूर्ति की है और पिछले सप्ताह उन्हें जोखिम के प्रति आगाह किया था।

# चीन ने भारी बारिश को लेकर ब्लू अलर्ट जारी

बीजिंग,एजेंसी

चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को आंधी-तूफान के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया और देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका जतायी।



केंद्र ने कहा कि बुधवार को अपराह्न 02 बजे से गुरुवार को अपराह्न 02 बजे तक गुइझोउ, गुआंग्शी, हुनान, हुबेई, जियांग्शी, अनहुई और झेजियांग के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होने के आसार हैं।

मौसम केंद्र के अनुसार कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है और अधिकतम वर्षा 120 मिलीमीटर तक पहुंच सकती है। स्कूलों और किंडरगार्टन को छात्रों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है और संभावित सड़क जल जमाव तथा यातायात भीड़ के कारण चालकों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि चीन में चार स्तरीय, रंग-कोडित मौसम चेतावनी प्रणाली है, जिसमें लाल सबसे गंभीर चेतावनी का प्रतिनिधित्व करता है। उसके बाद नारंगी, पीला और नीला होता है।

# खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला

- **पांच चीनी नागरिकों सहित छह मारे गए**

इस्लामाबाद,एजेंसी

पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को चीनी नागरिकों वाली बस में विस्फोटक से भरे एक वाहन ने को टक्कर मारने से कम से कम पांच चीनी नागरिकों सहित छह व्यक्तियों की मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी।ये चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में हुई घटना में कई अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब इस्लामाबाद से कोहिस्तान जा रही एकबस को विपरीत दिशा से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुहम्मद अली गंडापुर ने घटना और मरने वालों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि यह संभवतः एक आत्मघाती हमला था। गंडापुर ने मीडिया को बताया, हमले में पांच चीनी नागरिक और उनका पाकिस्तानी चालक मारा गया। अभी तक किसी भी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

गृह मंत्री मोहसिन नकवी यहां स्थित चीनी दूतावास पहुंचे और चीनी राजदूत जियांग जैदोंग से मुलाकात की।

उन्होंने संवेदना व्यक्त की और राजदूत को यह भी आश्वासन दिया कि पाकिस्तान सरकार दोषियों को न्याय के कटघरे में लाएगी।पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की कड़ी निंदा की और चीनी नागरिकों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक बयान में कहा, पाकिस्तान विरोधी तत्व पाकिस्तान-चीन दोस्ती को नुकसान पहुंचाने में कभी सफल नहीं होंगे।जरदारी ने चीनी नागरिकों के परिवारों और पड़ोसी देश की सरकार के प्रति भी अपनी संवेदना व्यक्त की। इस बीच, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी हमले की जगह पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की। उन्होंने शवों को निकालने में भी मदद की।जानकारी के मुताबिक बिशम थाना प्रभारी (एसएचओ) बख्त जहीर के हवाले से बताया कि घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और शवों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। एसएचओ ने कहा, हम जांच करेंगे कि आत्मघाती हमलावर का वाहन कहां से और कैसे आया और यह कैसे हुआ। शांगला, कोहिस्तान के करीब है, जहां 2021 में एक आतंकवादी हमले में नौ चीनी समेत 13 लोग मारे गए थे। साठ अरब अमेरिकी डॉलर वाले चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तत्वावधान में चल रही कई परियोजनाओं पर हजारों चीनी कर्मी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।


# अमेरिका के ज्यादातर मतदाता बाइडन को मानते हैं एक कमजोर सैन्य नेता

वाशिंगटन,एजेंसी

अमेरिका में अधिकांश संभावित मतदाता राष्ट्रपति जो बाइडन को हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में अमेरिकी सेना के एक कमजोर कमांडर और प्रमुख मानते हैं।

अठ्ठारह से 20 मार्च के बीच कराए गए रासमुसेन रिपोर्ट्स पोल में यह खुलासा हुआ है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि बाइडन हाल के अमेरिकी राष्ट्रपतियों की तुलना में कमजोर सैन्य कमांडर हैं।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया है कि एक-चौथाई से भी कम यानी 24 फीसदी उत्तरदाताओंका मानना है कि बाइडेन हाल के अन्य राष्ट्रपतियों की तुलना में एक मजबूत सैन्य नेता हैं, जबकि 20 प्रतिशत बाइडेन को अन्य राष्ट्रपतियों की तरह ही मानते हैं।



पोल रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल 2022 के बाद से आंकड़ों में केवल थोड़ा बदलाव आया है।

यह सर्वेक्षण यूक्रेन और इज़रायल में संघर्षों के साथ-साथ लाल सागर में एक सैन्य अभियान में अमेरिका की भागीदारी के बीच आया है। सर्वेक्षण में 1,114 संभावित अमेरिकी मतदाताओं का सर्वेक्षण किया गया और 95 फीसदी विश्वास स्तर के साथ प्लस-या-माइनस तीन प्रतिशत अंक की त्रुटि का मार्जिन बनाए रखा गया है।

## तलाशी अभियान समाप्त, बाइडेन ने दुख जताया

**वाशिंगटन,एजेंसी।** अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत के बाल्टीमोर में पटाप्सको नदी पर बने ऐतिहासिक फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज (पुल) से एक मालवाहक जहाज टकरा गया। इसके बाद पलक झपकते ही यह ब्रिज ढह गया। इस हादसे के दौरान कई लोग और कारें नदी में गिर गईं। इस दौरान लापता छह लोगों की नदी में तलाश की गई। कोई पता न चलने पर आखिरकार उन्हें मृत मान लिया गया है।द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने लापता छह लोगों की तलाश को समाप्त करने की घोषणा की है। रियर एडमिरल शैनन गिलरेथ ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि अब इस बात की कम ही उम्मीदें हैं कि हादसे के बाद लापता हुए छह लोग जीवित होंगे।मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर के अनुसार, मालवाहक जहाज के चालक ने हादसे से पहले मदद भी मांगी थी। आशंका जताई जा रही है कि बिजली की समस्या के कारण मालवाहक जहाज पुल से टकराया होगा।

**घटना** | **चीन ने पाकिस्तान से यथाशीघ्र घटना की गहन जांच करने, अपराधियों का पता लगाने और न्याय को कहा...**

# चीन ने की पाकिस्तान में हुए आतंकवादी हमले की निंदा

**चीनी प्रवक्ता**

- **पाकिस्तान में चीनी दूतावास ने चीनी नागरिकों और व्यवसायों को स्थानीय सुरक्षा स्थिति का बारीकी से पालन करने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने को कहा**

बीजिंग,एजेंसी

चीन ने पाकिस्तान में दासू जलविद्युत परियोजना के काफिले पर हुए हमले की निंदा की है और पाकिस्तान से इस घटना की जल्द से जल्द गहन जांच करने की मांग की है।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि चीन इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है और पाकिस्तान से इस घटना की जल्द से जल्द गहन जांच करने को कहता है। प्रवक्ता ने बताया कि 26 मार्च को स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब एक बजे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक चीनी कंपनी द्वारा शुरू किए गए दासू जलविद्युत परियोजना के काफिले पर आतंकवादी हमले में पांच चीनी और एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई।

उन्होंने कहा, "चीन इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करता है। हम मृतकों के प्रति शोक व्यक्त करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, चीन ने पाकिस्तान से यथाशीघ्र घटना की गहन जांच करने,



अपराधियों का पता लगाने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने को कहा है।

प्रवक्ता ने कहा, "इस बीच, हम नेपाकिस्तान से चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और पाकिस्तान में संस्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने के लिए कहा है। चीन पूरे प्रयास के साथ अनुवर्ती अभियान पर पाकिस्तान के साथ काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में चीनी दूतावास ने चीनी नागरिकों और व्यवसायों को स्थानीय सुरक्षा स्थिति का बारीकी से पालन करने, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने और आतंकवादी हमलों के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा सावधानी बरतने की पूरी कोशिश को कहा है।

उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को अपराह्न में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने मृतक परिवारों और चीनी सरकार के प्रति संवेदना व्यक्त करने और सहानुभूति व्यक्त करने के लिए पाकिस्तान में चीनी दूतावास का दौरा किया था।

उन्होंने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि पाकिस्तान-चीन की दोस्ती को नुकसान पहुंचाने की आतंकवादियों की घिनौनी कोशिशें कभी कामयाब नहीं होंगी। उसी दिन, पाकिस्तानी राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, विदेश मंत्री, गृह मंत्री और कई अन्य राजनीतिक हस्तियों ने हमले की कड़ी निंदा की और मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

चीन और पाकिस्तान सदाबहार रणनीतिक सहयोगी साझेदार और गहरे दोस्त हैं तथा चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) पाकिस्तान के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत योगदान देता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन-पाकिस्तान सहयोग को कमजोर करने का कोई भी प्रयास कभी सफल नहीं होगा। चीन सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है और आतंकवाद से लड़ने में पाकिस्तान का दृढ़ता से समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में चीनी नागरिकों, परियोजनाओं और संस्थानों की सुरक्षा पूरी तरह से सुनिश्चित करने के लिए चीन पाकिस्तान के साथ और भी मजबूती से काम करेगा।

# 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म से घटा सकते हैं वजन

इंटरनेट पर वेट लॉस करने और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने का एक तरीका मिला, तो सोचा आपके साथ शेयर करूं। इस तकनीक का नाम है 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म। इसमें वेट लॉस के लिए कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स और प्रोटीन की 2-2 सर्विंग की मात्रा का सेवन फायदेमंद बताया गया है। यानी आपको वेट लॉस के लिए इन तीनों पोषक तत्वों को डाइट में शामिल करना है। इस तकनीक के साथ यह दावा किया जाता है कि अगर आप इसे 6 हफ्तों तक फॉलो करें, तो करीब 8 से 9 किलो वजन कम कर सकते हैं। अगर लोग वेट लॉस करने के लिए जिम जाकर या महंगी डाइट में पैसा खर्च कर देते हैं और परिणाम कुछ भी नहीं मिलता। इन सब तरीकों से बचने के लिए इस तरीके को बनाया गया है। 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म में डायटरी बदलाव करके वेट लॉस किया जाता है। आगे जानेंगे 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म को करने का तरीका और फायदे। इस विषय पर बेहतर जानकारी के लिए हमने Holi Family Hospital, Delhi की डाइटीशियन सना गिल (Sanah Gill) से बात की।

**क्या 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म से वजन कम होता है?**

डाइटीशियन सना गिल ने बताया कि वजन कम करने के लिए यह एक फायदेमंद तरीका साबित हो सकता है। जिन लोगों में मेटाबॉलिक फ्लेक्सबिलिटी होती है, वह आसानी से वेट लॉस कर लेते हैं। लेकिन सबमें यह लचीलापन नहीं होता। इसका स्तर अलग-अलग होता है। कुछ लोग कार्बोहाइड्रेट्स को आसानी से बर्न कर लेते हैं लेकिन उन्हें फैट बर्न करने में समस्या होती है। वहीं कुछ लोग फैट बर्न कर लेते हैं लेकिन उन्हें कार्बोहाइड्रेट्स करने में समस्या होती है। लेकिन वेट लॉस के लिए फैट और कार्ब्स दोनों को बर्न करना जरूरी है। 2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म में हेल्दी डाइट और पोषक तत्वों की जरूरत के बारे में बताया गया है ताकि आप हेल्दी ढंग से वेट लॉस कर सकें।

**2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म के फायदे**

30 से 40 की उम्र के बीच मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देना मुश्किल होता है। अगर आप इस उम्र में हैं और वेट लॉस करना चाहते हैं, तो यह तरीका आजमां सकते हैं।

2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म को फॉलो करने के लिए आपको अपना पसंदीदा खाना छोड़ना नहीं पड़ेगा बल्की आप सब कुछ खाते हुए वेट लॉस कर सकते हैं।

हेल्दी वेट लॉस और ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए आपको 2-2-2 मेथड ममेटाबॉलिज्म आजमाना चाहिए।

इस तकनीक में प्रोटीन का सेवन करने से मसल्स रपियर होती हैं और मेटाबॉलकि फंक्शन ठीक ढंग से काम करते हैं।

इस तकनीक में हेल्दी फैट्स को शामिल किया गया है जिससे हार्मोन्स कंट्रोल होते हैं और पोषक तत्व ठीक ढंग से एब्सॉर्ब हो पाते हैं।

इस तकनीक की मदद से आप कार्ब्स का सेवन करते हैं जिससे थकान और कमजोरी दूर होती है। साथ ही शरीर में एनर्जी बढ़ती है।

**2-2-2 मेथड मेटाबॉलज्मि कैसे फॉलो करें?**

2-2-2 मेथड मेटाबॉलिज्म में हफ्ते के 5 दिन आप नॉर्मल खाना खाएं। साथ ही अपने फेवरेट फूड्स के हेल्दी वर्जन पर फोकस करें।

इसके बाद हफ्ते के दो दिन कैलोरीज इंटेक को 800 तक ले आएं।

शुरुआत के दो हफ्ते, ऐसी चीजों का सेवन करें जिसमें कार्बोहाइड्रेट्स और प्रोटीन की मात्रा हो। उदाहरण के लिए आप पास्ता, ऑमलेट, पैनकेक खा सकते हैं। इस दौरान आपकी बॉडी यह सीखेगी कि कार्ब्स को कैसे बर्न करना है।

इसके बाद 4 हफ्तों के लिए कार्बोहाइड्रेट्स, फैट्स और प्रोटीन रिच फूड्स को एक दिन छोड़कर फॉलो करें। इस तरह बॉडी फैट कम होगा।

उम्मीद करते हैं आपको यह जानकारी पसंद आई होगी। इस लेख को शेयर करना न भूलें।




# बढ़ती उम्र में भी दिखना चाहते हैं जवां

**शायद ही कोई ऐसा हो जो खूबसूरत नहीं दिखना चाहता है लेकिन बढ़ती उम्र के लक्षण आपकी खूबसूरती को कम कर सकते हैं। ऐसे में लोग लंबे समय तक जंवा बने रहने के लिए कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि ये प्रोडक्ट्स स्किन को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं।**

ऐसे में आप कुछ फूड्स (Anti-Ageing Foods) की मदद से खुद को जवां रख सकते हैं। हर व्यक्ति की ख्वाहिश होती है कि वह हमेशा जवां दिखे। इसके लिए लोग ब्यूटी पार्लर में कई तरह के ट्रीटमेंट लेते हैं। कई लोग स्किन केयर रूटीन फॉलो करते हैं, लेकिन इन सभी चीजों के अलावा अगर आप चाहते हैं कि आप उम्र से कम नजर आए, तो आपको अपनी डाइट में कुछ फूड्स को शामिल करने होंगे। दरअसल, आजकल की लाइफस्टाइल और खराब खानपान के कारण लोग उम्र से पहले ही बूढ़े दिखने लग जाते हैं और 35-40 की उम्र तक चेहरे पर झाईयां, दाग-धब्बों का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में आप कुछ फूड्स को अपनी डाइट का हिस्सा बनाकर खुद को जवां बना सकते हैं।

**बैरीज**

एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन के भरपूर बैरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, ब्लैकबेरी आदि आपको लंबे समय पर जवां रखती हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपकी स्किन को उम्र के साथ होने वाले बदलाव को स्लो कर देते हैं, जिससे आप जवां दिखते हैं। इसके आलावा यह ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम कर सूजन कम करने में भी मदद करती है।

**फैटी फिश**


जो लोग नॉनवेज खाना पसंद करते हैं, उन लोगों के लिए त्वचा पर बढ़ती उम्र का संकेत रोकने के लिए फैटी फिश काफी फायदेमंद हो सकती है। ओमेगा-3 फैटी एसिड्स ये भरपूर फैटी फिश जैसे कॉड फिश, सार्डिन, मैकेरल, सैल्मन आदि को खाने से आपकी त्वचा हेल्दी बनी रहती है।

**नट्स और सीड्स**

नट्स और सीड्स जैसे बादाम, अखरोट, पंपकिन सीड्स आदि आपकी स्किन के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। विटामिन-ई और औमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर इन नट्स और सीड्स के सेवन से स्किन हेल्दी रहती है।

**ग्रीन टी**

ग्रीन टी पीने से वजन नियंत्रित रहता है, ये तो सभी को पता है, लेकिन इसके सेवन से स्किन भी हेल्दी रहती है। ग्रीन टी के नियमित सेवन से आपकी त्वचा की कोशिकाएं स्वस्थ रहती हैं। इसमें मौजूद पॉलीफनोल्स खासकर के कैटेचिन में एंटीऑक्सीडेंट और एंटीइफ्लामेटरी प्रॉपर्टी पाई जाती है, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करती है।




# मिलेजुले रुख के बीच शेयर बाजार की तेजी थमी

**गिरावट**

- **बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.64 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,470.30 अंक पर आया।**

मुंबई, एजेंसी

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक, बैंकिंग, एफएमसीजी और वित्तीय सेवाएं समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार तीन दिन की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 361.64 अंक अर्थात 0.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 72,470.30 अंक पर आ गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 92.05 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं, इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 39,075.87 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.11 प्रतिशत फिसलकर 42,726.22 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4100 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2545 में गिरावट जबकि 1415 में तेजी रही वहीं 140 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियों के शेयर लुढ़क गए जबकि 20 में बढ़त रही।




बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इससे एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.26, आईटी 0.57, दूरसंचार 0.02, ऑटो 0.01, बैंकिंग 0.51 और टेक समूह के शेयर 0.83 प्रतिशत कमजोर रहे। वहीं, इंडस्ट्रियल्स 0.95, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.50, तेल एवं गैस 0.84, रियल्टी 1.45 और सर्विसेज समूह के शेयरों में 1.48 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान जर्मनी का डैक्स 0.25, हांगकांग का हैंगसेंग 0.88, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.71 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.17 प्रतिशत चढ़ गया जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.09 और जापान का निक्केई 0.04 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 435 अंक की भारी गिरावट के साथ 72,396.97 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 72,705.29 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में लगातार रहने के बाद यह कारोबार के अंतिम चरण में 72,363.03 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 72,831.94 अंक के मुकाबले 0.50 प्रतिशत कमजोर रहकर 72,470.30 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 149 अंक का गोता लगाकर 21,947.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,073.20 अंक के उच्चतम जबकि 21,947.55 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,096.75 अंक की तुलना में 0.42 प्रतिशत उतरकर 22,004.70 अंक पर बंद हुआ।

# खाद्य तेलों में टिकाव; अरहर दाल महंगी

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा 69 रिंगिट गिरकर 4263 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.68 सेंट की गिरावट के साथ 47.74 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में अरहर दाल में 200 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और ये पिछले स्तर पर पड़ी रहीं। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

# चालू खाता घाटा तीसरी तिमाही में 10.5 अरब डॉलर के साथ जीडीपी के 1.2 प्रतिशत के बराबर

नयी दिल्ली, एजेंसी

चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में भारत का चालू खाते का घाटा एक साल पहले की इसी अवधि की तुलना में कम हो कर 10.5 अरब अमेरिकी डॉलर या सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत रहा । पिछली तिमाही के साथ-साथ पिछले वर्ष की समान तिमाही।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का चालू खाते का घाटा तीसरी तिमाही में 10.5 अरब डॉलर रहा। यह पिछली तिमाही के 11.4 अरब डॉलर और 2022-23 की तीसरी तिमाही के16.8 अरब डॉलर से था। रिपोर्ट के अनुसार तीसरी तिमाही में वस्तु व्यापार के क्षेत्र में व्यापार घाटा (निर्यात की तुलना में आयात की अधिकता) 71.6 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तीसरी तिमाही से थोड़ा अधिक है। लेकिन सेवा निर्यात में वृद्धि और व्यापार में शुद्ध प्राप्ति बढ़ने से चालू खाते के घाटे में कमी रही। आरबीआई की रिपोर्ट में कहा गया है कि आलोच्य अवधि में सॉफ्टवेयर, व्यापार और यात्रा सेवाओं के बढ़ते निर्यात में साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# T+0 सेटलमेंट सिस्टम आज से शुरू

**जानकारी**

- **BSE ने इसके लिए 25 शेयरों की लिस्ट जारी की, शेयर बेचने पर उसी दिन अकाउंट में पैसा आएगा**

मुंबई, एजेंसी

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने उन 25 स्टॉक्स की लिस्ट जारी कर दी है, जिनमें कल यानी 28 मार्च से ऑप्शनल बेसिस पर T+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू होगा। इस लिस्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टाटा कम्युनिकेशंस, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और वेदांता सहित अन्य स्टॉक शामिल हैं।

T+0 सेटलमेंट का मतलब शेयर की खरीदारी और बिक्री का सेटलमेंट एक ही दिन में होगा। आसान भाषा में समझे तो अगर आप ट्रेडिंग-डे पर 1:30 बजे तक शेयरों को बेचेंगे तो उसी दिन शाम 4:30 बजे तक उसका पैसा अकाउंट पर आ जाएगा। अभी शेयर मार्केट में T+1 सेटलमेंट काम करता है।



T+1 सेटलमेंट में शेयर बेचने के बाद अकाउंट में पैसा अगले दिन क्रेडिट होता है। तीन महीने पहले मार्केट रेगुलेटर ने T+0 के लिए कंसल्टेशन पेपर इश्यु किए थे और 12 जनवरी तक इसपर लोगों से राय मांगी थी। 6 दिन पहले सेबी ने T+0 सेटलमेंट सिस्टम शुरू करने को लेकर 6-स्टेप गाइडलाइन जारी की थी। सभी इन्वेस्टर्स T+0 सेटलमेंट सिस्टम के लिए एलिजिबल

मार्केट रेगुलेटर SEBI यानी सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने कहा है कि सभी इन्वेस्टर्स T+0 सेटलमेंट सिस्टम के लिए एलिजिबल होंगे। **दो फेज में लागू होगा T+0 सेटलमेंट:** SEBI ने T+0 सेटलमेंट को दो फेज में लागू करने का प्रस्ताव दिया था। T+0 सेटलमेंट के पहले फेज में सेम-डे सेटलमेंट लागू किया जाएगा, जिसके बाद खरीदार को उसी दिन शेयर अलॉटमेंट और बेचने वालों को उसी दिन फंड मिल जाएगा।इसमें अगर आप ट्रेडिंग-डे पर 1:30 बजे तक शेयरों का कारोबार करेंगे तो शाम 4:30 बजे तक उनका सेटलमेंट हो जाएगा। वहीं, दूसरे फेज में 3:30 बजे तक किए गए सभी लेनदेन के लिए एक ऑप्शनल इमीडिएट ट्रेड-बाय-ट्रेड सेटलमेंट की सुविधा दी जाएगी।

**T+0 सेटलमेंट के लिए SEBI की 6 स्टेप गाइडलाइन**

एलिजिबल इन्वेस्टर: सभी निवेशक जो मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशन (MII) की ओर से बताई गई टाइमलाइन, प्रोसेस और रिस्क की जरूरतों को पूरा करते हैं, वे T+0 सेटलमेंट साइकल में भाग लेने के लिए एलिजिबल हैं।

सर्विलांस के उपायः T+1 सेटलमेंट साइकल में जो सर्विलांस मेजर्स अप्लाई होते हैं, वहीं मेजर्स T+0 में शेयरों पर लागू होंगे।

**जिम्मेदारी** | **पवन दावुलुरी पैनोस पानाय की जगह लेंगे, एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे**

# IIT-मद्रास के एलुमनाई बने माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस के चीफ

नई दिल्ली, एजेंसी

IIT मद्रास के पूर्व छात्र पवन दावुलुरी को माइक्रोसॉफ्ट विंडोज और सर्फेस का चीफ बनाया गया है। दावुलुरी ने लंबे समय से प्रोडक्ट हेड रहे पैनोस पानाय का जगह लिया है। पानाय ने पिछले साल अमेजन जॉइन करने के लिए डिपार्टमेंट छोड़ दिया था। दावुलुरी इससे पहले सरफेस ग्रुप को हेड करते थे, जबकि मिखाइल पारखिन विंडोज डिपार्टमेंट के हेड थे। इन दोनों के पद छोड़ने के बाद, पवन ने विंडोज और सरफेस दोनों डिपार्टमेंट्स का कार्यभार संभाल लिया है।

दावुलुरी करीब 23 साल पहले माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े थे। इससे पहले उन्होंने मैरीलैंड यूनिवर्सिटी से पोस्ट ग्रेजुएशन किया था। वे अब कंपनी के एक्सपीरियंस एंड डिवाइसेस हेड राजेश झा को रिपोर्ट करेंगे।

राजेश झा ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के रूप में हम विंडोज एक्सपिरिएंस और विंडोज+ डिवाइसेज के टीम को एक्सपीरिएंस + डिवाइसेज (E+D) डिवीजन के कोर पार्ट को एक साथ ला रहे हैं।

**माइक्रोसॉफ्ट की 4 दशक की यात्रा:** 1975 में बिल गेट्स ने अपने बचपन के दोस्त पॉल एलेन के साथ मिल कर अल्टेयर 8800 माइक्रो कंप्यूटर के लिए अपना पहला बेसिक प्रोग्रामिंग कोड (इंटरप्रेटर) बनाया। जून 1980 में गेट्स ने हार्वर्ड के क्लासमेट स्टीव बाल्मर को कंपनी का पहला बिजनेस मैनेजर बनाया। अगस्त 1981 में माइक्रोसॉफ्ट ने अपना नया ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर 'माइक्रोसॉफ्ट डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम' (MS-DOS) रिलीज किया, जो IBM पर्सनल कंप्यूटर पर रन करता था।

1983 में माइक्रोसॉफ्ट ने नया सॉफ्टवेयर 'Windows' अनाउंस किया। इसका टारगेट MS-DOS को विजुअल इफेक्ट्स के जरिए और बेहतर बनाना था।



1985 में कंपनी ने 'Windows 1.0' को यूजर्स के लिए लॉन्च कर दिया। इसी साल स्क्रीन या विंडोज के काम को माउस के जरिए करना शुरू कर दिया।

1986 में कंपनी ने अपना हेडक्वार्टर रेडमंड, वॉशिंगटन शिफ्ट कर लिया। यहां कंपनी ने 21 डॉलर प्रति शेयर के हिसाब से 60 मिलियन डॉलर जुटाए।

1988- 1987 में Windows 2.0 के लॉन्च होने के साथ ही कंप्यूटर अब ऑफिस में यूज होने लगा। इसी साल गूगल सेल के आधार पर कंपनी पर्सनल कंप्यूटर (PC) सॉफ्टवेयर के मामले में सबसे बड़ी कंपनी बन गई।

1990-1995: 1990 में Windows 3.0 के लॉन्च के 5 साल बाद Windows 95 लॉन्च हुआ, जिसकी 10 लाख से ज्यादा कॉपी केवल 4 दिन में सेल हो गई।

1995 में इंटरनेट के आने के बाद कंपनी ने अपना पहला वेब ब्राउजर 'Internet Explorer' लॉन्च किया।

1998: Windows 98, विंडोज का पहला कंप्यूटर बेस्ड वर्जन रिलीज किया गया। इसी दौरान कंपनी को यूएस सरकार के साथ एंटिट्रस्ट (अविश्वास) के मामले में कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी।

2000: जनवरी में बाल्मर को नया CEO बनाया गया।

2001: 1998 की कानूनी लड़ाई खत्म हो गई और कंपनी ने इसी साल नवंबर में गेमिंग इंडस्ट्री में अपना कदम रखा और Xbox गेमिंग कंसोल लॉन्च किया।

2005: नवंबर में Xbox का नेक्स्ट जेनरेशन Xbox 360 की सेल शुरू हुई।

2006: नवंबर में कंपनी ने Zune पोर्टेबल म्यूजिक प्लेयर लॉन्च किया। लेकिन यह मार्केट में सक्सेस नहीं हुआ और 2012 में कंपनी ने इसे डिस्कंटीन्यू कर दिया।

2007 में कंपनी ने Windows Vista लॉन्च किया। यह तब का लेटेस्ट ऑपरेटिंग सिस्टम था।

2009 में गूगल को चैलेंज करने के लिए कंपनी ने Bing नाम का सर्च इंजन लॉन्च किया।

2010: एपल iPhone और गूगल के एंड्रॉयड डिवाइस के बने हुए मार्केट में माइक्रोसॉफ्ट ने अपनी पहली Windows फोन लॉन्च किया।

2012: कंपनी ने सरफेस टैबलेट और Windows 8 ऑपरेटिंग सिस्टम लॉन्च किया। लेकिन यहां भी उम्मीद के मुताबिक सक्सेस नहीं मिली।

2013 में कंपनी के CEO बाल्मर ने एक साल के भीतर कंपनी छोड़ने की घोषणा कर के सबको चौंका दिया।

4 फरवरी 2014: माइक्रोसॉफ्ट की बोर्ड ने सर्वसम्मति से भारतीय मूल के एग्जीक्यूटिव सत्या नडेला को कंपनी का नया CEO चुना। कंपनी के 39 साल की यात्रा में सत्या तीसरे CEO थे। सत्या अभी तक माइक्रोसॉफ्ट के CEO हैं।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)